भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3654

उत्तर देने की तारीख 11 अगस्त, 2025

सोमवार, 2025/20 श्रावण, 1947 (शक)

सीटीएस के अंतर्गत कार्यरत आईटीआई की संख्या

3654. श्री सी. एन. अन्नादुरईः

श्री नवसकनी के.:

श्री जी. सेल्वमः

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु में शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) के अंतर्गत कार्यरत सरकारी और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की जिले-वार संख्या कितनी है;

(ख) पिछले पाँच वर्षों के दौरान तमिलनाडु में सीटीएस के अंतर्गत नामांकित प्रशिक्षुओं की कुल संख्या वर्ष-वार और ट्रेड-वार कितनी है;

(ग) क्या सरकार के पास तमिलनाडु में सीटीएस के अंतर्गत मौजूदा आईटीआई को उन्नत या आधुनिक बनाने का कोई प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो वित्त पोषण और समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने तमिलनाडु के पिछड़े और अविकसित जिलों तक उक्त योजना का लाभ पहुँचाने के लिए उपाय किए हैं;

(ङ) क्या तमिलनाडु में सीटीएस पाठ्यक्रमों में नामांकित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को कोई वित्तीय या शैक्षणिक सहायता प्रदान की जा रही है; और

(च) सीटीएस के अंतर्गत तमिलनाडु में ग्रामीण और हाशिए के समुदायों के छात्रों की जागरूकता और भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) देश के युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के देशव्यापी नेटवर्क के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) का कार्यान्वयन करता है। वर्तमान में, देश में 14,615 आईटीआई स्थापित हैं, जिनमें से 3,316 राजकीय आईटीआई और 11,299 निजी आईटीआई हैं।

तमिलनाडु राज्य में कुल 456 आईटीआई स्थापित हैं, जिनमें से 93 राजकीय आईटीआई और 363 निजी आईटीआई हैं। तमिलनाडु राज्य में आईटीआई की जिला-वार संख्या **अनुबंध-1** में दी गई है।

(ख) तमिलनाडु राज्य में सीटीएस के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2020-21 से 2024-25 तक कुल 1,67,481 प्रशिक्षुओं को आईटीआई में नामांकित किया गया है। शैक्षणिक सत्र 2020-21 से 2024-25 तक तमिलनाडु राज्य में सीटीएस के अंतर्गत आईटीआई में ट्रेड-वार और वर्ष-वार नामांकन **अनुबंध-2** में दिया गया है।

(ग) मंत्रिमंडल ने आईटीआई के उन्नयन और कौशल विकास हेतु राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) स्थापित करने की राष्ट्रीय योजना को मंजूरी दे दी है, जिसकी अनुमानित लागत ₹60,000 करोड़ (केंद्रीय हिस्सेदारी: ₹30,000 करोड़, राज्य की हिस्सेदारी: ₹20,000 करोड़ और उद्योग की हिस्सेदारी ₹10,000 करोड़) है। इस योजना का उद्देश्य तमिलनाडु राज्य सहित देश भर में हब-एंड-स्पोक व्यवस्था के माध्यम से 1,000 आईटीआई का उन्नयन करना है। इस योजना के अंतर्गत, पाठ्यक्रम सामग्री और डिजाइन को उद्योग कौशल आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जाएगा, जिसका उद्देश्य उभरते क्षेत्रों को संबोधित करने के लिए नए पाठ्यक्रम शुरू करना है और भारत की अर्थव्यवस्था की गतिशील जरूरतों को पूरा करने और औद्योगिक उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए भावी कुशल कार्यबल बनाना है।

इसके अलावा, तमिलनाडु सहित कई राज्य सरकारों ने राजकीय आईटीआई को उद्योग 4.0 मानकों के अनुरूप आधुनिक अवसंरचना और प्रशिक्षण सुविधाओं से लैस प्रौद्योगिकी केंद्रों/हबों में बदलने के लिए उद्योगों के साथ सहयोग किया है। इन सहयोगों का उद्देश्य राजकीय

आईटीआई को अत्याधुनिक तकनीक और उद्योग-अनुकूल पाठ्यक्रम से लैस करना है ताकि कौशल अंतराल को पूरा किया जा सके और छात्रों को उभरते औद्योगिक परिदृश्य की माँगों के लिए तैयार किया जा सके।

(घ) सीटीएस को तमिलनाडु राज्य के सभी जिलों, जिनमें पिछड़े और अल्पविकसित जिले भी शामिल हैं, में स्थित आईटीआई में लागू किया जा रहा है। राज्य के कुल 456 आईटीआई में से 410 आईटीआई ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं।

इसके अलावा, डीजीटी संबद्धता मानदंडों में; विशेष रूप से, ब्लॉक/नगरपालिका स्तर पर असेवित क्षेत्रों में नए आईटीआई की स्थापना के लिए आवश्यक न्यूनतम भूमि क्षेत्र और आवश्यक ट्रेडों की न्यूनतम संख्या के संदर्भ में, भी छूट प्रदान करता है।

(ङ) आईटीआई का वित्तीय नियंत्रण और दैनंदिन अभिशासन संबंधित राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के अधिकार क्षेत्र में आता है, जबकि नीतिगत मामले जैसे संबद्धता के मानदंड निर्धारित करना, परीक्षाएँ आयोजित करना, प्रमाण-पत्र जारी करना और पाठ्यक्रम तैयार करना केंद्र सरकार की ज़िम्मेदारी है।

एमएसडीई आईटीआई प्रशिक्षुओं को कोई वित्तीय सहायता प्रदान नहीं करता है। तथापि, तमिलनाडु राज्य अपनी पहल के माध्यम से तमिलनाडु के राजकीय आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को वजीफा प्रदान करता है, जिनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र भी शामिल हैं।

(च) तमिलनाडु राज्य सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर राज्य कौशल विकास और उद्यमशीलता समितियाँ (एसएसडीईसी) गठित की गई हैं, जिनका उद्देश्य स्कूलों में कैरियर जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आईटीआई में कौशल प्रशिक्षण संबंधी जागरूकता को बढ़ाना है, साथ ही एफएम रेडियो, प्रिंट मीडिया, ब्लॉक-स्तरीय कार्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करना है।

इसके अलावा, तमिलनाडु सरकार अपनी राज्य नीति के अनुसार, लाभवंचित वर्गों के उम्मीदवारों के लिए राजकीय आईटीआई में प्रवेश में आरक्षण लागू करती है और भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए राजकीय आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को वजीफा प्रदान करती है।

अनुबंध-1

सीटीएस के अंतर्गत कार्यरत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के संबंध में दिनांक 11.08.2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3654 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

तमिलनाडु राज्य में आईटीआई की जिले-वार संख्या

क्र.सं.	जिला	राजकीय आईटीआई की संख्या	निजी आईटीआई की संख्या	कुल आईटीआई की संख्या
1.	अरियालूर	2	5	7
2.	चेंगलपट्टू	2	8	10
3.	चेन्नई	5	9	14
4.	कोयंबटूर	3	11	14
5.	कुड्डालोर	5	19	24
6.	धर्मपुरी	1	2	3
7.	डिंडीगुल	2	10	12
8.	इरोड	2	13	15
9.	कल्लाकुरिची	3	7	10
10.	कांचीपुरम	1	7	8
11.	कन्याकुमारी	2	12	14
12.	करूर	1	6	7
13.	कृष्णागिरी	1	4	5
14.	मदुरै	3	8	11
15.	माइलाथुरई		8	8
16.	नागपट्टिनम	3	4	7
17.	नमक्कल	2	8	10
18.	पेरम्बलूर	2	4	6
19.	पुदुक्कोट्टई	2	13	15
20.	रामनाथपुरम	3	4	7
21.	रानीपेट्टई	2	10	12
22.	सलेम	4	13	17
23.	शिवगंगा	2	7	9
24.	तेनकासी	3	10	13
25.	तंजावुर	3	15	18
26.	द नीलगिरी	2	5	7
27.	थेनी	3	7	10
28.	तिरुवल्लुर	4	12	16

29.	थिरुवरुर	2	8	10
30.	थुधुकोडी	4	12	16
31.	तिरुचिरापल्ली	5	20	25
32.	तिरुनेलवेली	3	12	15
33.	तिरुपथुर	1	4	5
34.	तिरुपूर	3	5	8
35.	तिरुवन्नामलाई	2	22	24
36.	वेल्लोर	1	10	11
37.	विल्लुपुरम	1	20	21
38.	विरुधुनगर	3	9	12
सकल योग		**93**	**363**	**456**

अनुबंध-2

सीटीएस के अंतर्गत कार्यरत आईटीआई के संबंध में दिनांक 11.08.2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न 3654 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

शैक्षणिक सत्र 2020-21 से 2024-25 तक सीटीएस के अंतर्गत आईटीआई में ट्रेड-वार, वर्ष-वार नामांकन

क्र.सं.	ट्रेड का नाम	सत्र 2020-21	सत्र 2021-22	सत्र 2022-23	सत्र 2023-24	सत्र 2024-25
1	उन्नत सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन	0	0	0	1556	1275
2	वास्तुशिल्प ड्राफ्ट्समैन	11	43	52	58	64
3	कृत्रिम मेधा प्रोग्रामिंग असिस्टेंट	0	0	0	0	20
4	बेसिक डिज़ाइनर और वर्चुअल वेरिफायर (मैकेनिकल)	0	0	0	500	407
5	बढ़ई	68	55	102	0	0
6	सिविल इंजीनियर सहायक	29	30	38	35	29
7	कंप्यूटर एडेड कढ़ाई और डिज़ाइनिंग	44	42	54	52	34
8	कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्क रखरखाव	85	109	137	142	101
9	कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक (VI)	7	7	12	11	12
10	कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक	1186	1309	1559	1569	1432
11	कॉस्मेटोलॉजी	48	42	46	48	48
12	कटिंग और सिलाई (VI)	5	9	12	11	10
13	दंत प्रयोगशाला उपकरण तकनीशियन	8	9	13	7	5
14	डेस्कटॉप प्रकाशन ऑपरेटर	305	310	356	391	359
15	डेस्कटॉप प्रकाशन ऑपरेटर (VI)	5	7	12	7	11
16	डिजिटल फ़ोटोग्राफ़र	16	25	32	38	22
17	ड्राफ्ट्समैन (सिविल)	433	365	393	394	389
18	ड्राफ्ट्समैन (मैकेनिकल)	119	121	139	101	81
19	ड्रेस मेकिंग	100	80	132	100	85
20	ड्रोन पायलट (जूनियर)	0	0	0	0	28
21	ड्रोन तकनीशियन	0	0	0	19	17
22	इलेक्ट्रीशियन	4507	4687	5343	5305	4852
23	इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक	385	383	438	430	376
24	फ़ैशन डिज़ाइन और प्रौद्योगिकी	177	210	219	181	211
25	अग्नि प्रौद्योगिकी और औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन	0	0	80	56	46
26	फिटर	3860	3976	4496	4726	3909
27	खाद्य और पेय सेवा सहायक	32	32	32	66	48

28	खाद्य उत्पादन (सामान्य)	210	283	293	319	266
29	जूते बनाने वाला	40	34	27	20	17
30	फाउंड्रीमैन	105	117	161	40	27
31	फ्रंट ऑफिस सहायक	52	55	32	49	32
32	स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षक	39	44	32	23	15
33	बागवानी	0	0	0	23	22
34	अस्पताल हाउसकीपिंग	0	13	5	18	22
35	औद्योगिक चित्रकार	29	15	29	0	0
36	औद्योगिक रोबोटिक्स और डिजिटल विनिर्माण तकनीशियन	0	0	0	2541	1829
37	सूचना संचार प्रौद्योगिकी प्रणाली रखरखाव	170	174	200	190	165
38	सूचना प्रौद्योगिकी	13	15	24	20	24
39	इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक (केमिकल प्लांट)	18	16	25	23	24
40	इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक	269	283	329	225	224
41	इंटीरियर डिज़ाइन और सजावट	8	12	208	169	157
42	आईओटी तकनीशियन (स्मार्ट सिटी)	5	0	0	0	0
43	आईओटी तकनीशियन (स्मार्ट हेल्थकेयर)	0	0	20	29	11
44	चमड़े के सामान निर्माता	95	71	81	60	69
45	लिफ्ट और एस्केलेटर मैकेनिक	39	38	46	45	75
46	मशीनिस्ट (ग्राइंडर)	83	82	92	58	48
47	मशीनिस्ट	908	936	1014	957	755
48	रखरखाव मैकेनिक (केमिकल प्लांट)	18	19	29	23	20
49	विनिर्माण प्रक्रिया नियंत्रण और स्वचालन	0	0	0	1341	1148
50	समुद्री इंजन फिटर	173	169	183	192	156
51	समुद्री फिटर	17	17	13	19	19
52	राजमिस्त्री (बिल्डिंग कंस्ट्रक्टर)	10	9	12	0	0
53	मैकेनिक (मोटर वाहन)	3018	3112	3528	3565	3197
54	मैकेनिक (रेफ्रिजरेशन और एयर कंडीशनिंग)	0	0	1	0	0
55	मैकेनिक (ट्रैक्टर)	128	120	147	80	66
56	मैकेनिक कृषि मशीनरी	24	24	24	24	19
57	मैकेनिक ऑटो बॉडी रिपेयर	54	39	67	63	50
58	मैकेनिक ऑटो इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स	51	50	69	49	37
59	मैकेनिक डीजल	853	948	1107	1032	855
60	मैकेनिक इलेक्ट्रिक वाहन	0	0	0	1045	906
61	मैकेनिक मशीन टूल मेंटेनेंस	56	54	52	60	58
62	मैकेनिक टू व्हीलर और थ्री व्हीलर	35	42	47	10	9
63	मल्टीमीडिया एनिमेशन और विशेष प्रभाव	48	37	48	48	39
64	उन्नत मशीन टूल्स ऑपरेटर	16	15	57	64	54

65	पेंटर जनरल	35	42	47	60	48
66	प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर	68	71	88	20	21
67	प्लंबर	202	210	404	569	475
68	पंप ऑपरेटर-सह-मैकेनिक	102	102	110	120	94
69	रेफ्रिजरेशन और एयर कंडीशनिंग तकनीशियन	849	872	1180	1190	1216
70	सचिवीय अभ्यास (अंग्रेजी)	9	39	57	0	0
71	सिलाई तकनीक	498	570	602	663	561
72	शीट मेटल वर्कर	307	291	404	296	255
73	स्मार्टफोन तकनीशियन सह ऐप परीक्षक	0	6	146	152	149
74	सौर तकनीशियन (विद्युत)	37	39	110	129	121
75	कताई तकनीशियन	27	27	40	39	37
76	आशुलिपिक एवं सचिवीय सहायक (अंग्रेजी)	181	294	341	213	174
77	सतह अलंकरण तकनीक (कढ़ाई)	137	144	164	148	149
78	सर्वेक्षक	43	23	73	58	60
79	इलेक्ट्रॉनिक्स प्रणाली डिज़ाइन एवं मरम्मत तकनीशियन	0	0	0	4	0
80	मेक्ट्रोनिक्स तकनीशियन	86	138	122	90	73
81	चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिक्स तकनीशियन	0	0	85	89	83
82	पावर इलेक्ट्रॉनिक्स प्रणाली तकनीशियन	0	0	45	49	57
83	वस्त्र मेक्ट्रोनिक्स	19	19	20	24	23
84	वस्त्र आर्द्र प्रसंस्करण तकनीशियन	16	18	20	19	11
85	उपकरण एवं डाई निर्माता (डाई एवं साँचे)	26	25	25	25	25
86	उपकरण एवं डाई निर्माता (प्रेस उपकरण, जिग एवं फिक्स्चर)	51	60	88	115	100
87	टर्नर	1305	1240	1410	1208	953
88	पोत नेविगेटर	17	18	16	20	20
89	वेल्डर (निर्माण एवं फिटिंग)	20	22	23	0	0
90	वेल्डर (जीएमएडब्ल्यू एवं जीटीएडब्ल्यू)	123	128	153	86	63
91	वेल्डर	3509	3591	4950	4645	3952
92	वेल्डर (पाइप)	49	47	80	40	32
93	वेल्डर (संरचनात्मक)	15	31	64	40	32
94	वेल्डर (वेल्डिंग एवं निरीक्षण)	38	20	40	1	7
95	वायरमैन	1532	1715	2472	2739	2365
96	वुडवर्क तकनीशियन	0	0	0	49	23
कुल		**27,315**	**28,496**	**35,078**	**41,127**	**35,465**
सकल योग		**1,67,481**				

*****